हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 जनवरी 2024

04 हर राष्ट्रवादी को विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर...



07 हिट-एंड-रन कानून का विरोधः पेट्रोल पंपों पर...





### किसानों को कोहरा व पाले से फसल बचाव के लिए कृषि अधिकारी ने दी सलाह

**आगर मालवा।** एक-दो दिन से मौसम में बदलाव होने के कारण जिले में घना कोहरा एवं पाला पड़ने से किसान की फसल प्रभावित हो सकती है। उप संचालक कृषि विजय चौरसिया ने बताया कि कोहरे एवं पाले से फसले जैसे टमाटर, बेगन, मिर्ची, आलु एवं चना धनिया, मसूर तथा फूल अवस्था की रायडा सरसों फसल प्रभावित होने की अधिक सम्भावना बनी रहती है। कृषक कृषि विज्ञान केंद्र आगर द्वारा जारी सलाह को अमल में लाए। कृषि विज्ञान केंद्र आगर द्वारा कृषकों को सलाह दी है कि फसलों को कोहरे एवं पाले से बचाने के लिए उत्तर दिशा में आग जला कर धुंआ करें, जिससे खेत के आस-पास का कम तापमान में वृद्धि होगी तथा खेत में हल्की सिंचाई स्प्रिंकलर से करना कारगर होगी, साथ ही फसलों में 1 ग्राम बोरान प्रति लीटर एवं 3 ग्राम सल्फर प्रति लीटर का घोल बनाकर एक हैक्टर में 500 लीटर पानी में उपयोग कर स्प्रे करे, साथ ही इसके अतिरिक्त तरल गंधक 20 प्रतिशत 3 लीटर अथवा ग्लूकोज 1000 ग्राम अथाव थायोयूरिया 500 ग्राम का छिडकाव प्रति 1000 लीटर का घोल तैयार कर 10 बीघा के खेत में किया जा सकता हैं। इसी प्रकार एक लीटर व्यापारिक गंधक का तेजाब एक हजार लीटर पानी मिलाकर इसका छिडकाव 10 बीघा के खेत में किया जा सकता है। इससे प्रभावित फसलों की पुनर्जीवित होने की संभावना बढ़ जाती हैं। गेहूं की मौसम की प्रतिकूलता के कारण गैंहू फसल में जड़ माहू कीट का प्रकोप हो रहा है। यह कीट हल्के पीले रंग से गहरे हरे रंग का होता है। गैंहू के पौधों को जड़ से उखाडने पर ध्यानपूर्वक देखने से यह कीट आसानी से दिखाई देता है। यह कीट गेंहू फसल में पौधों की जडों में से रस चूसना है जिसे कारण पौधा पीला पडने लगता है और धीरे-धीरे सुखने लगता है।

### समूह की महिलाओं को किसानों के लिए ड्रोन का प्रशिक्षण दिलवाएं: सांसद

## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों का समय समय पर रिपेयरिंग करते रहें: नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




जिले के शासकीय अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया हो, शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव हो, जल जीवन मिशन के कार्य तीव्र गति से पूर्ण करें, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कां को समय-समय पर रिपेयरिंग करते रहे, स्व-सहायत समूह की महिलाओं को किसानों के लिए ड्रोन का प्रशिक्षण दिलवाएं। यह निर्देश राजगढ़-सुसनेर संसदीय क्षेत्र के सांसद रोड़मल नागर ने बुधवार को कलेक्टोरेट में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा जिले में प्रचलित अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यां के बारे में जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्नाबाई चौहान, विधायक आगर मधु गेहलोत, विधायक सुसनेर भैरोसिंह परिहार ह्यबापूह्ल, जिलाध्यक्ष चिन्तामण राठौर, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, समिति के सदस्यगण एवं संबंधित विभाग के जिला प्रमुख उपस्थित थे।

सांसद श्री नागर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर निर्देश दिए कि जिले के शासकीय अस्पतालों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाएं, जिससे की मरीज निजी अस्पतालों की वजह शासकीय अस्पतालों में अपना उपचार करवाना पसंद करें। उन्होंने कहा कि जिले में सभी गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव हो, इसके लिए ग्राम स्तर पर भी डीलीवरी पाइंट मापदण्ड अनुसार शुरू करवाये, प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करे, ताकि जिला अस्पताल में दबाव कम रहे और स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से सुलभ हो सकें। आयुष्मान भारत निरामयम- योजना में सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर आयुष्मान कार्ड के जरिए 05 लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार करवा सकें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री प्रसुति सहायता योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम, एएनसी पंजीयन, राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण आदि योजनाओं एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा कर शत्-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। सांसद श्री नागर द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना की समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियो की फील्ड स्तर की समस्या के समाधान के लिए बैठक में बताया गया कि खाद्यान्न वितरण योजना अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिन व्यक्तियों के अंगूठे के निशान नहीं आने के कारण राशन नहीं ले पा रहे हैं, वे अपने राशन का उठाव करने के लिए नॉमीनी का नाम पोर्टल पर दर्ज करवाये ताकि राशन से वंचित नहीं रहे। सासंद श्री नागर ने जिले में प्रचलित जल जीवन मिशन के कार्यां की समीक्षा कर निर्देश दिए कि लक्ष्य अनुसार गांवों में हर घर नल से जल की उपलब्धता के लिए तीव्र गति से काम किया जाये, निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करें। उन्होने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि योजना में निर्मित सड़को को समय-समय पर रिपेयरिंग करते रहें, जिससे वे अत्यधिक खराब नहीं हो।

### दिव्यांग छात्रों को उपलब्ध कराएं सुविधाएं

उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को सिंचाई के लिए कुण्डलियां डेम से पेयजल संरक्षण के बाद उपलब्धता अनुसार पानी उपलब्ध करवाया जाए, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा कर निर्देश दिए कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना प्रजनक बीज के लिए किसानों के खेतों में प्रदर्शन लगवाये और किसानों के उदाहरण प्रस्तुत कर अन्य किसानो को प्रेरित करें। मृदा परीक्षण के लिए हर किसान और हर गांव में कार्य किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, सायकल, दिव्यांग छात्रों को सुविधाएं की समीक्षा की आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि सभी दिव्यांग छात्रों को शासन द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। सासंद नागर ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर, गौशाला निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, मध्यान्ह भोजन योजना, किचनशेड निर्माण, मनरेगा योजना की समीक्षा कर निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना मे सभी पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित करें, योजना की मानीटरिंग सूक्ष्मता से करवाये ताकि अपात्र व्यक्ति लाभ नहीं ले सके।

### सांसद का किया स्वागत

सांसद श्री नागर ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा कर निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग भवन निर्माण करते समय वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से बनवाएं। उन्होने पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग की समीक्षा कर निर्देश दिए कि लक्ष्य अनुसार पशुपालक एवं किसानों को लाभान्वित करवाएं। गौ-शाला का संचालन करवाने के लिए संस्थानो को प्रेरित करें, जो इच्छुक है उन्ही को संचालन की जिम्मेदारी दी जाये ताकि संचालन सुचारु रूप से हो सके। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेने आगर पहुंचे सांसद रोड़मल नागर का कलेक्टर कार्यालय पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी स्वागत किया गया।

## 'दुर्घटनाओं को कम करने हेलमेट करें अनिवार्य'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

> हेलमेट नहीं लगाने वालों पर हेलमेट की राशि से अधिक का जुर्माना लगाएं, जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दो पहिया वाहन चालक के लिए हेलमेट की अनिवार्यतः करें, जो व्यक्ति बिना हेलमेट के वाहन संचालित करें, उन पर हेलमेट की कीमत से अधिक का जुर्माना लगाया जाएं। यह निर्देश राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के सांसद रोड़मल नागर ने बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात विभाग के अधिकारी को दिए। सांसद श्री नागर ने निर्देश दिए कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सार्थक प्रयास करें, वाहन चालकों की आंखों की नियमित जांच करवाई जाए, यातायात नियमों को अनदेखा करने वालों पर चालानी कार्यवाही करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की जानकारी तथा जिला परिवहन अधिकारी बरखा गौड़ ने पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन एवं सडक दुर्घटनाओ की जानकारी दी। बैठक में अध्यक्ष, जिला पंचायत मुन्नाबाई चौहान, विधायक आगर मधु गेहलोत, विधायक सुसनेर भैरोसिंह बापू, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर छप्पन भोग लगाकर महाआरती का आयोजन आज होगा



**नलखेड़ा।** हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर मां बगलामुखी मंदिर के बाहर स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर अंजनी लाल को छप्पन भोग लगाकर महा आरती का आयोजन होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारा एवम भजन कीर्तन का आयोजन दोपहर 12 बजे से रखा गया है। गुरुवार को आज हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होगा। पर्व को लेकर मंदिर तथा मंदिर परिसर की साज- सज्जा कर विद्युत रोशनी से जगमगाया गया है। अंजनीलाल का मनोहारी श्रृंगार भी किया गया है। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तगण भाग लेंगे।

## मां बगलामुखी मंदिर पर फूलों से खाद व अन्य सामग्री तैयार करने यूनिट लगाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



प्रदेश के कई प्रसिद्ध मंदिरों में जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मंदिर में विराजित प्रतिमाओं को आस्था व श्रद्धा के साथ फूल मालाएं चढ़ाते हैं, जो बाद में किसी कूड़ेदान की शोभा बन जाती है या फिर उसे मंदिर के समीप स्थित नदी या नाले में प्रवाहित कर दी जाती है, जो कि नदी के पानी को दूषित कर पर्यावरण को प्रदूषित करने का कार्य करती है या फिर कूड़ेदान के ढेर में बदबू के रूप में सड़न मारते हुए दिखाई देती है ।

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुभक्त पहुंचकर माता रानी को श्रद्धा व आस्था के साथ फूल मालाएं समर्पित करते हैं । लेकिन देखने में यह आता है कि उक्त सभी माला या तो एक ढेर के रूप में इधर-उधर पटक दी जाती है या फिर मंदिर के पीछे लखुंदर नदी में फेंक दी जाती है जिससे यहां आने वाले भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ होता है ,भक्त ने जिस श्रद्धा व आस्था के साथ फूलमालाएं माता को समर्पित की उसे बाद में कूड़ेदान में फेंक दिया जाता हैं वही इससे नदी एवं पर्यावरण प्रदूषित होता है।

इसका समाधान करने के लिए मंदिर आने वाले कई भक्तों द्वारा इसके लिए मंदिर समिति से मंदिर क्षेत्र में निर्धारित स्थान पर कंपोस्ट यूनिट, गुलाल एवं अगरबत्ती बनाने की यूनिट लगाए जाने की मांग की जाती रही है , जहां पर माता रानी को व मंदिर में स्थित अन्य देवी -देवताओं को अर्पित की गई फूलमालाएं इस यूनिट में डालकर फूलों से खाद तथा गुलाल एवं अगरबत्ती बनाने का कार्य किया जा सकता है। जिससे मंदिर को भी एक निर्धारित आय का साधन प्राप्त सकता है , वही पूरे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त व व्यवस्थित दिखाई देने लगेगी ।

बताया जाता है कि कृषि विस्तार एवं सुधार कार्यक्रम ' आत्मा ? के तहद कई प्रसिद्ध मंदिरों में फूलों से खाद तैयार करने के लिए कंपोस्ट यूनिट स्थापित की गई है नगर के बगलामुखी मंदिर पर भी इसी योजना के तहत यूनिट लगाई जा सकती है या मंदिर समिति स्वयं अपने फंड से इस प्रकार की कम्पोस्ट यूनिट लगा सकता है जिससे समिति को फूलों से बनी खाद जो की जैविक, वमी कम्पोस्ट बनती है । उस खाद के विक्रय से एक निश्चित आय भी प्रारंभ हो जाएगी। इसी के साथ इन फूलों से गुलाल एवं अगरबत्ती बनाने का कार्य भी करवाया जा सकता है, जिससे कई लोगों को रोजगार मिल सकता है।

#### रखा जाएगा प्रस्ताव

बगलामुखी मंदिर पर फूलों से अगरबत्ती एवं गुलाल के साथ खाद बनाने हेतु कम्पोस्ट यूनिट ( मशीन ) बनाने का सुझाव भक्तों द्वारा दिया गया है। सुझाव अच्छा है इस पर मंदिर समिति की बैठक मैं प्रस्ताव रखकर निर्णय लिया जाएगा ।

**मिलिंद ढोके,** एसडीएम एवं अध्यक्ष मां बगलामुखी मंदिर समिति

### हर बार की तरह अतिक्रमण हटाने की मुनादी कर भूली नगर पंचायत

**नलखेड़ा।** नगर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण से पूरी तरह त्रस्त हो चुका है। लगातार समाचार प्रकाशन व दिन ब दिन बिगड़ती यातायात व्यवस्था के बाद स्थानीय नगर परिषद द्वारा गत शुक्रवार को दो दिनों में अतिक्रमण स्वयं हटाने की हिदायत देते हुवे उसके बाद नप द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुनादी करवाई गई थी। लेकिन लगता है कि हर बार की तरह इस बार भी नप मुनादी करवाकर भूल गई है कि अतिक्रमण भी हटाना है। गत 29 दिसम्बर को नप द्वारा मुनादी की गई थी कि नगर के गणेश चौराहे से लखुंदर नदी की पुलिया एवं शिवाजी चौराहे से अंबेडकर चौराहे तक सड़क के दोनों ओर टीन शेड लगाकर, दुकानों का सामान फैलाकर, हाथठेले सड़क किनारे लगाकर अतिक्रमण कर रहे हैं। वे अपना अतिक्रमण स्वयं दो दिवस में हटा लें अन्यथा नप राजस्व व पुलिस विभाग के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी। नप को मुनादी करवाये मंगलवार को चार दिन निकल गए लेकिन ना तो अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा स्वयं अपना अतिक्रमण हटाया और ना ही नप का अमला अतिक्रमण हटाने पहुंचा। लगता है कि हर बार की तरह नप ने अतिक्रमण हटाने की मुनादी करवा कर औपचारिकता निभा दी गई है और अतिक्रमण हटाना भूल गई है।

अतिक्रमण को लेकर नप द्वारा मुनादी करवाई गई थी, इसके बाद भी अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। एसडीएम से चर्चा कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। **देवेंद्र वत्स,** मुख्य नपा अधिकारी

## पात्र व्यक्ति शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें: सांसद नागर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत भेंसोदा व सेमली में शिविर आयोजित



**नलखेड़ा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से जरूरत मंद व्यक्ति को केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास व पीएम स्व-निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे मिल रहा है। यह विचार सांसद रोड़मल नागर ने मंगलवार को नलखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत भैंसादा एवं सेमली में आयोजित शिविरों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। सांसद श्री नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी वाली गाडी गांव-गांव जाकर गारंटी के साथ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिला रही है। उन्होंने कहा जो व्यक्ति शासन की योजना के लाभ से वंचित है, वे शिविरों में अपना आवेदन देकर लाभ प्राप्त करे।

शिविर में पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें, जिन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर स्थल पर जहां जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए। योजनाओं में पूर्व से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को साझा कर शासन की योजनाओ की प्रशंसा की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया।

### नीमा ग्राउंड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा, भक्तों की उमड़ रही भीड़

## जहां धर्म होता है वहीं परमात्मा वास करते हैं: पं. चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





इंसान को सदैव नीति एवं धर्म के साथ चलना चाहिए। क्योंकि जहां धर्म होता है वहीं परमात्मा वास करते हैं। श्रीमद् भागवत पुराण इसका जीता जागता प्रमाण है, क्योंकि भगवान श्री कृष्ण स्वंय हजारों की अधर्मी भीड़ को छोड़ धर्म के साथ रहे। जिन लोगों पर भागवत मैया की कृपा होती है, उसका फिर दुनिया में कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। उक्त उद्गार भागवत सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय नीमा ग्राउंड पर चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान चतुर्थ दिवस पर कथावाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने उपस्थित भक्त जनों के समक्ष व्यक्त किये।

पंडित श्री चतुर्वेदी ने कहा कि भागवत कथा इस कान से सुनकर दूसरे कान से निकालने के लिए नहीं बल्कि जीवन में आत्मसात करने के लिए है। कथा में तो हम रोज बैठते हैं, अब कथा को अपने अंदर बिठाने की जिम्मेदारी हमारी है।भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाला यदि कोई अग्रणी ग्रंथ है तो उसका नाम श्रीमद् भागवत है। यह वो ग्रंथ है जो अमृत वर्षा के रूप में देश के जन-जन को आस्था,श्रद्धा और भक्ति के निर्झर में प्रवाहमान बनाए हुए है। दुनिया में भागवत जैसा कोई अन्य ग्रंथ नहीं हो सकता। भागवत ग्रंथ कल्पवृक्ष के समान है जो हमारी हर मनोकामना पूर्ण करता है। पुण्यशाली जीव को ही सत्संग में बैठने तथा उसका रसपान करने का सौभाग्य मिलता है।

### कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

कथा के दौरान भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास धूमधाम के साथ मनाया गया। एक नन्हे बालक को कृष्ण स्वरूप में टोकरी में सुलाकर कथा स्थल पर नंद बाबा अपने सिर पर धारण कर लाये। पंडित चतुर्वेदी ने बाल गोपाल कृष्ण को माखन मिश्री खिलाई। श्रद्धालुओं ने भी नन्हे कान्हा के साथ वृंदावन की तर्ज पर फूलों की होली खेली। कथा विश्राम पर भागवत माता की आरती के साथ उपस्थित भक्तों को माखन मिश्री की प्रसादी का वितरण किया गया।

आवश्यक सूचना

हरिभूमि

पाठकों के लिए

पाठक पुरस्कार योजना-2023

हरिभूमि के सूधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

### शिवानी दीदी का खुशियों का पासवर्ड विषय पर वक्तव्य आज



**देवास।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू की ख्याति प्राप्त विदुषी सुप्रसिद्ध जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक प्रवक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी देवास की भूमि पर पहली बार आज 4 जनवरी गुरुवार को शाम 6:00 तुकोजीराव पवार स्टेडियम भोपाल चौराहा पर देवास की जनता को खुशियों का पासवर्ड विषय पर वक्तव्य देंगी। संस्था की जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर संस्था के भाई-बहन, मां चामुंडा सेवा समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में एवं समाजसेवी दीपक मनु लाल गर्ग सहित सामाजिक एवं धार्मिक संस्था सदस्य व समाजसेवी लगे हुए हैं। शिवानी दीदी की आध्यात्मिक प्रवक्ता के रूप में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए खुले मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें लगभग 25000 से अधिक लोग शामिल लेंगे। कार्यक्रम आमजन के लिए निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम में प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। शिवानी दीदी कार्यक्रम के पश्चात सुप्रसिद्ध तनाव प्रबंधन विशेषज्ञ ख्याति प्राप्त डॉ. सविता दीदी माउंट आबू के पावन सानिध्य में तीन दिवसीय शिविर बढ़ते कदम खुशी की ओर का आयोजन कॉलोनी बाग सेंटर के सामने किया जाएगा।

### ठुमरी समारोह का आयोजन 6 को

**देवास।** म.प्र. शासन संस्कृति विभाग के भोजपुरी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा जिला प्रशासन एवं नगर पालिका निगम, देवास के सहयोग से 06 जनवरी 2024 को सायं 07.30 बजे मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ठुमरी स्वर साम्राज्ञी पद्मविभूषण विदुषी गिरिजा देवी की स्मृति में ₹ठुमरी समारोह₹ का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर, देवास में किया जा रहा है। "ठुमरी समारोह" का आयोजन विधायक गायत्रीराजे पवार के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर ऋषव गुप्ता, निदेशक भोजपुरी साहित्य अकादमी भोपाल डॉ. पूजा शुक्ला के आतिथ्य में होगा। निदेशक भोजपुरी साहित्य अकादमी भोपाल डॉ. पूजा शुक्ला ने बताया कि समारोह में आशीष कुमार मिश्रा वाराणसी एवं डॉ. नीना श्रीवास्तव भोपाल का ठुमरी गायन होगा।

### लोकसभा और संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने पर चर्चा

# हर राष्ट्रवादी को विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनाएगी भाजपाः खंडेलवाल

आयोजित हुई बैठक में चर्चा करते हुए कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



3 जनवरी 2024 भारतीय जनता पार्टी देवास की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक संपन्न हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने हेतु निर्देशित किया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि पार्टी की मंशा अनुसार सभी मंडल एवं ग्राम केंद्र एवं शक्ति केदो की बैठक भी आयोजित करने का निर्णय लेते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने कहा कि हेतु प्रदेश नेतृत्व ने विधानसभा चुनाव के बाद अब मिशन 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी चुनावी बूथ मेंटेनेंस को फोकस करते हुए तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

हम सब कार्यकर्ता संगठित होकर प्रत्येक बूथ केंद्र पर संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी बनाकर लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के साथ अपने बुथ को जीतने का संकल्प लेकर मिशन 2024 में लग जाए।बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, बागली विधायक मुरली भंवरा, देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, बहादुर मुकाती, नंदकिशोर पाटीदार, रवि जैन, सुरेंद्र वर्मा, मनीष सोलंकी, दीपक बैरागी, भैरू सिंह अटारिया, जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष महामंत्री एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।खंडेलवाल कहा हम सब कार्यकर्ता अब मिशन 2024 की तैयारी में पूरे ताकत से लग जाए।

हम सबको अपने अपने बूथ केंद्र पर पार्टी को इतना मजबूत करना है कि पार्टी को यहां पर अधिकतम वोट मिले। इसके लिए हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं यानी मोदी गारन्टी का प्रचार प्रसार घर-घर तक करना है एवं अलग-अलग समाज एवं वर्ग के लोगों को पार्टी की रीति नीति से जोडऩा है। हम सब राजनीति में एक मिशन की तरह आए हैं हमें मां भारती की सेवा करनी है। राजनीति हमारे लिए एक सेवा का माध्यम है इस बार का लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है।

मिशन 2024 की सफलता के लिए हमने मिशन 2023 का चुनाव यानी सेमीफाइनल जीत लिया है इसलिए हम सब सारे मतभेद भुलाकर पार्टी के लिए जी जान लगा दे। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री पंकज वर्मा एवं आभार जिला महामंत्री मनीष सोलंकी द्वारा किया गया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी एवं सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## पुलिस ने मोबाइलों को ढूंढ कर मालिकों को लौटाया

**पीड़ितों के खिल उठे चेहरे**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वर्ष 2024 की शुरुआत में देवास पुलिस ने 120 लोगों को तोहफा देते हुए उनके गुम हुए मोबाइल फोन वापस लौटा दिए हैं। अपने फोन वापस मिलने से लोग काफी खुश दिखाई दे रहे हैं। इन मोबाइल फोन को ढूंढ निकालने के लिए पुलिस बड़ी योजना बनाकर काम कर रही थी। आखिरकार उन्हें सफलता मिल गई।दरअसल जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 120 मोबाइल फोन गुम होने का मामला दर्ज हुआ था। देवास पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया। सायबर सेल की टीम ने तलाशी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से 120 मोबाइल फोनों को बरामद किया। इन सभी फोनों की कीमत 24 लाख रुपए बताई जा रही है। फोन बरामद होने के बाद देवास के ्रस्क्क जयवीर सिंह भदौरिया ने संबंधितों को सूचना देकर उन्हें फोन वापस लौटा दिए। पुलिस की इस कार्रवाई से देवास के लोग बेहद खुश हैं। दरअसल ये वो मोबाइल हैं जो कहीं छूट गए थे या फिर गुम हो गए थे।अपने मोबाइल लेने आए मालिकों को देवास के एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने सायबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक रहने को कहा। एएसपी ने कहा कि अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी और पासवार्ड सहित अन्य चीज़ें बिल्कुल भी शेयर ना करें। उन्होंने बताया कि बरामद हुए 120 मोबाइल फोनों की कीमत 24 लाख रुपए है। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने सायबर सेल की टीम की पीठ थपथपाते हुए उनके इस कार्य की सराहना भी की।

## हनुमान अष्टमी पर आज निकलेगी प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री खेड़ापति सरकार की धार्मिक श्रद्धा भक्ति से भरी प्रभात फेरी आज स्थानीय खेड़ापति मंदिर से सुबह 5 बजे निकलेगी। जिसमें भगवान खेड़ापति सरकार प्रभात फेरी के रूप में देवास नगर का नगर भ्रमण करेंगे। हनुमान अष्टमी के उपलक्ष में निकलने वाली इस प्रभात फेरी में भगवान श्री खेड़ापति सरकार के अंश के रूप में भगवान की मूर्ति का ट्राला, भजन का ट्राला, ढोल, बैंड बाजों के साथ प्रभात फेरी निकाली जावेगी। प्रभत फेरी सुबह 5 बजे स्थानीय खेड़ापति मंदिर से शुरू होकर नोवेल्टी चौराहे से होते हुए अलंकर मार्केट से तीन बत्ती चौराहा से पुराना बस स्टैंड मनकामेश्वर मंदिर से जवाहर चौक से नया पूरा होते हुए जनता बैंक चौराहा , गांजा भांग चौराहा, सुभाष चौक, नावेल्टी चौराहा से औदुम्बर ब्राह्मण धर्मशाला, एकता क्लब चौराहा, मीरा बावड़ी से होते हुए तहसील चौराहे से पुनः खेड़ापति मंदिर पर समापन होगा। साथ ही 4 तारीख की शाम को रात्रि 8.30 पर महाआरती कर महाभोग 56 भोग श्री खेड़ापति सरकार को लगाया जाएगा। आयोजक मंडल ने सभी धर्म प्रेमी जनता से निवेदन किया कि अधिक से अधिक सख्या में पधारकर निकलने वाली प्रभात फेरी ओर होने वाली महाआरती को सफल बनाये।

## आबकारी और पुलिस विभाग की अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त राजनारायण सोनी के मार्गदर्शन में बुधवार को आबकारी वृत्त कन्नौद के सतवास थाने के पीछे सिकलीगर, पुनर्वास कालोनी, धासढ तथा धर्मेश्वर में संयुक्त कार्यवाही की गई। जिसमें 110 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब तथा 1200 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ। कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर को विवेचना में लिए गए। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 120200 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक उमेश स्वर्णकार डी पी सिंह, राजकुमारी मंडलोई,प्रेम यादव, विजय कुचेरिया आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया राजाराम, आरक्षक बाल किशन जैसवाल,नितिन सोनी,विकाश गौतम,शंकरलाल परते,आशीष गुप्ता, भगत परते, निहाल खत्री सम्मिलित थे।

### पुलिस को मिली सफलता वाहन सहित शराब जब्त

**चापडा।** चापड़ा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जिसमें बड़ी मात्रा में शराब व एक चार पहिया वाहन जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी चापड़ा प्रभारी प्रमोद कश्यप को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक चार पहिया वाहन में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। जिसके आधार पर चापड़ा के बागली मार्ग पर वाहन चेकिंग की गई जिसमें एक चार पहिया वाहन मे से शराब जप्त की गई। साथ ही दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। चौकी प्रभारी प्रमोद कश्यप ने बताया की कार्रवाई में 162 लीटर से अधिक शराब जप्त की गई है। जिसमें बियर, अंग्रेजी व अन्य प्रकार की शराब भी सम्मिलित है। वही कार्रवाई में शराब व चार पहिया वाहन को जप्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें बुधवार के दिन न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को भेजा गया है।

## निगम ने अतिक्रमणों पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एमजी रोड पर व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानो के सामने अस्थाई अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा है जिससे यातायात अवरूद्ध हो रहा है तथा राहगीरों को असुविधा हो रही है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम की टीम द्वारा एमजी रोड पर व्यापारियों को समझाईश दी गई। इसके पश्चात भी व्यवसाई द्वारा अपने प्रतिष्ठनो के सामने सामग्री रखकर व्यवसाय किया जा रहा था। उनकी सामग्री को जप्त करने तथा अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की गई तथा भविष्य मे अतिक्रमण नही करने की हिदायत भी दी गई। निगम की टीम द्वारा अन्य व्यापरियो से भी दुकानो के सामने अपनी सामग्री न रखकर अपनी हदों मे ही सामग्री को रखकर अपना व्यवसाय करने की अपील भी की गई। कार्यवाही मे प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी हरेन्द्रसिह ठाकुर, वार्ड इंजिनियर श्याम सुन्दर रघुवंशी व उनकी टीम उपस्थित रही।

## अभिभाषक व वरिष्ठ नागरिक को बनाया सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



भारतीय किसान संघ के सदस्यता अभियान के तहत बागली नगर के न्यायालय परिसर में वरिष्ठ अभिभाषक एवं पत्रकार बन्धुओं को भारतीय किसान संघ का सदस्य बनाया गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार, सांसद प्रतिनिधि प्रवीण चौधरी, एम एस उदावत, मोतीलाल पटेल ,राजेंद्र इनाणी ,कपील यादव,कमल पाटीदार, गोविंद यादव, सूर्य प्रकाश गुप्ता, नोटरियन राजेंद्र यादव, राजेंद्र सिंह सेंगर, गगन शिवहरे को सदस्यता दिलाई गई। भारतीय किसान संघ प्रत्येक 3 वर्ष में सदस्यता देता हैं। सदस्यता शुल्क10 रु होती है। जिला अध्यक्ष हुकम चंद पटेल ने बताया इस वर्ष देवास जिले में एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। 15 दिसंबर से शुरू हुआ सदस्यता अभियान 15 जनवरी तक चलेगा। भारतीय किसान संघ किसानों से जुड़े मुद्दे को शासन एवं प्रशासन के सामने उठाता है एवं कई योजनाओं पर किसानों को लाभ दिलाता है। ऐसी कई योजना है जो किसान एवं जनहित में लाभदायक हुई है। भारतीय किसान संघ ने नर्मदा कालीसिंध योजना में छूटे हुए गांव के लिए 5 वर्ष तक संघर्ष किया। जिसका परिणाम यह हुआ की बागली, हाटपीपल्या, उदय नगर देवास एवं सतवास तहसीलों के लिए हाटपिपल्या योजना के नाम से योजना बनी,जो पांच वर्ष में पूर्ण होगी।इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्या, प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष नारायण मंडलोई, जिला सहमंत्री चम्पालाल मुकाती और तहसील अध्यक्ष मुकेश पाटीदार उपस्थित थे।

## कॉलोनी के रहवासियों ने जलजमाव की जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के रेलवे स्टेशन का विकास एवं सौंदर्यीकरण हो रहा है। स्टेशन के बाहर पार्किंग स्थल सहित अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। स्थानीय रहवासियों ने यहां जलजमाव की चिंता जताई है। बुधवार को विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने निगम शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ समिती अध्यक्ष व वार्ड पार्षद शीतल गेहलोत के साथ मौके पर निरीक्षण किया। इन दिनों रेलवे स्टेशन पर कई विकास कार्य हो रहे हैं। इन विकास कार्यों में बाहर पार्किंग स्थल भी बन रहा है। इस कार्य से एक फीट ऊंचाई बढ़ जाएगी। स्टेशन के समीप की उमाकांत कॉलोनी के रहवासियों ने कॉलोनी में जलजमाव की चिंता से विधायक गायत्री राजे पवार एवं महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल को अवगत कराया था। रहवासियों का कहना है, कि गजरा गियर्स चौराहे की ओर से आने वाला पानी यहां जमा हो जाएगा और यह पानी कॉलोनी में आएगा। बुधवार को विधायक व महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल ने नगर निगम के इंजीनियरों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे के अधिकारी भी साथ थे। निरीक्षण के दौरान संयुक्त रूप से विकल्प पर चर्चा की गई। अग्रवाल ने रेलवे के इंजीनियरों को विकल्प बताए। इस आधार पर कार्य होने पर जलजमाव की समस्या नहीं होगी। रेलवे के इंजीनियरों ने अग्रवाल को आश्वासित किया, कि स्थानीय रहवासियों को किसी तरह की असुविधा ना हो इसका पूरा ध्यान रखेंगे। अग्रवाल ने वार्ड पार्षद के माध्यम से रहवासियों को होने वाले कार्यो से असुविधा नही होने हेतु आश्वस्त किया।

### वृद्धाश्रम में किया पवित्र अक्षत कलश का पूजन, निकाली शोभायात्रा, गूंजे मंगल गीत

# घर-घर पीले चावल देकर आमंत्रण देने पहुंच रहे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गली-गली मोहल्ले- मोहल्ले हर एक नगर राममय होते जा रहे हैं,इसी क्रम में देवास के राजोदा रोड स्थित वृद्धाश्रम में जैसे ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता पूजित अक्षत कलश लेकर पहुंचे वहां उत्साह,उल्लास एवं उमंग का वातावरण बन गया। वृद्ध आश्रम के निवासरत वृद्धो ने कार्यकर्ताओं के साथ वृद्ध आश्रम के पूरे परिसर में पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली एवं बुजुर्गों ने मंगल गीत गाकर ढोल की थाप पर नृत्य भी किया।

कुछ निवासरत वृद्ध इस अवसर पर अत्यंत भाव विभोर हो गए। वृद्धाश्रम के निवासरत वृद्धजन एवं स्टाफ ने संघ के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूजित अक्षत कलश की आरती की। संघ के कार्यकर्ताओं ने वृद्ध आश्रम के निवासरतो को 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के सीधे प्रसारण को देखने का आग्रह भी किया। इसी निमित देवास नगर की 32 बस्तियो में कार्यकर्ता प्रातः 5 बजे प्रभातफेरी के रूप में भजन-कीर्तन करते हुए लोगो से इस उत्सव मे सहभागिता करने का निवेदन कर रहे है।

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूजितअक्षत कलश देवास जिले के प्रत्येक गांव एवं बस्ती-मोहल्ला में पहुंच चुके हैं। 01 जनवरी की सुबह से ही कार्यकर्ता ने इन पूजित अक्षितो (पीले चांवल) को घर-घर पहुँचाना आरंभ कर दिया है। पीले चावल के साथ अयोध्या से आये आमंत्रण पत्र एवं राम मंदिर के चित्र भी प्रत्येक घर तक पहुचाया जा रहा है। इस कार्य हेतु प्रत्येक गांव एवं मोहल्ले में कार्यकर्ताओं की टोली बनाई गई है। पीले चावल देने के साथ-साथ कार्यकर्ता सभी घरों में 22 जनवरी को स्थानीय मंदिरों में होने वाले आयोजन में सम्मिलित होने एवं रामलला की प्रथम आरती मंदिरों में मिलकर करने का आग्रह कर रहे हैं। साथ ही घरों को दीपावली जैसा सजा कर राम ज्योति (दीपक) जला कर घरों को सजाने का आग्रह भी किया जा रहा है। यह जानकारी अमित राव पवार ने दी।

## चापड़ा में पुलिस ने की चालानी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बागली पुलिस द्वारा चापड़ा चौराहे पर चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें सभी वाहनों को रोककर उनके दस्तावेज चेक किए गए। चेकिंग के दौरान त्रुटि मिलने पर चालान बनाए गए।

चापड़ा पुलिस चौकी प्रभारी प्रमोद कश्यप, उप निरीक्षक लोकेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।इस दौरान वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई कि वह यातायात नियमों का पालन करें।

## खबर संक्षेप

### मंत्री गौतम टेटवाल का किया स्वागत



**आष्टा।** प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल अपने अल्प प्रवास के दौरान आष्टा नगर स्थित विश्राम गृह पर पहुंचे जहां नगर के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर मंत्री श्री टेटवाल का स्वागत कर नगर की राजनीति से व प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनने पर बधाई दी एवं कार्यकर्ताओं के उत्साह से परिचित कराया। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, उमेश शर्मा, रवि शर्मा, कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, धनरूपमल जैन आदि मौजूद थे।

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 जनवरी तक

**सीहोर।** विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन की 8 जनवरी 2024 तक भरे जा सकते है। परीक्षा प्रवेश-पत्र 29 जनवरी को सुबह 10 बजे से डाउनलोड किये जा सकेंगे। परीक्षा 11 फरवरी 2024 को सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति , विमुक्त जनजातियाँ, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ समुदाय के अलावा वे बच्चे,जिन्होंनेअपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद,उग्रवाद,कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### दूसरे दिन भी हिट-एंड-रन कानून के विरोध में थमे रहे वाहनों के पहिए

# हिट-एंड-रन कानून का विरोधः पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतार, सब्जियां हुई महंगी

हिट एंड रन कानून के विरोध में पूरे देश में ट्रक बस के पहिए थमें हुए हैं ड्राइवर संगठन ने हड़ताल कर दी है।जिसके चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा पड़ा है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में मंगलवार को भी क्षेत्र में थमे रहे ट्रक बस के पहिए, यात्री बसें भी नहीं चली शहर के पेट्रोल पंप पर भी दिनभर लंबी कतारे लगी रही, इधर सब्जी भी महंगी हो गई हड़ताल का आज दूसरा दिन है। दरअसल नए हिट एंड रन कानून के विरोध में पूरे देश में ट्रक बस के पहिए थमें हुए हैं ड्राइवर संगठन ने हड़ताल कर दी है।जिसके चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा पड़ा है ड्राइवर संगठन इस कानून को सरकार से वापस लेने की मांग कर रही है इधर शहर के एवं भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डलवाने वाले वाहनों की लंबी लाइन लग गई है सब्जी मंडी में बाहर से आने वाली सब्जी वाहन नहीं आने से सब्जी के दाम भी महंगे हो गए हैं। दूसरे दिन भी शहर में एक भी यात्री बसें न तो आई और ना ही स्थानीय बस स्टैंड से रवाना हुई सभी बसें बस स्टैंड पर खड़ी हुई है।

### पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतार

हड़ताल के दूसरे दिन शहर के कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया आज शहर के जय भारत पेट्रोल पंप, पुराना बस स्टैंड के पेट्रोल पंप ,कन्नौद रोड के पेट्रोल पंप, श्रीनाथ पेट्रोल पंप सहित हाईवे के पेट्रोल पंपों पर दिनभर पर पेट्रोल डलवाने वाले वाहन चालकों की लंबी लाइन लगी रही कई लोगों ने अफवाह भी उड़ा दी की पेट्रोल खत्म होने वाला ऐसे में एकाएक पेट्रोल पंपों पर वाहनों की संख्या बढ़ गई।

### दूसरे दिन भी यात्री बसों के पहिए थमे रहे

शहर के बस स्टैंड वीरान पड़ा हुआ है 2 दिन से यहां से एक भी बसें रवाना नहीं हुई जो बसें यहां से चलती है वहां भी खड़ी हुई है भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्ग पर भी एक भी बस नहीं चली इस कारण यात्रियों को परेशान होना पड़ा अधिकांश यात्री अपने-अपने निजी वाहनों से यात्रा की सभी को हड़ताल खत्म होने का इंतजार है।



### सब्जियों के दाम भी बड़े

ड्राइवर संगठन की हड़ताल का असर अब सब्जियों पर भी पड़ रहा है क्योंकि इस शहर की सब्जी मंडी में अधिकांश बाहर से सब्जी आती है वाहन नहीं आने से सब्जियों की किल्लत हो गई है और अब सब्जियां महंगे दामों में बेची जा रही है। कुल मिलाकर हड़ताल के कारण सब्जियों के दाम में 20 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

### हिट-एंड-रन कानून का विरोधः ड्राइवरों ने हाइवे पर जाम लगाकर किया प्रदर्शन



**दोराहा।** हिट एण्ड रन कानून के विरोध में सोमवार से शुरु हुई ट्रक ड्राइवरों की देशव्यापी हड़ताल का जिले में भी व्यापक असर दिखा। मंगलवार को नेशनल हाईवे 46 दोराहा जोड़ पर सड़क के बीच में चक्काजाम कर जमकर प्रदर्शन किया। नारेबाजी-प्रदर्शन कर रहे ट्रक ड्राइवर के चक्काजाम की सूचना मिलते ही मौके पर एसडीओपी पूजा शर्मा और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। समझाइश देकर अन्य वाहनों की आवाजाही के लिए रास्ता खुलवाया। लेकिन ट्रकों की कई किलोमीटर लंबी कतार लगी रही। बस चालकों के भी हड़ताल में शामिल होने के कारण जिले में बसों का संचालन भी पूरी तरह से बंद रहा विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ड्राइवर मौजूद रहे।

# बिना नंबर के दौड़ रहे ट्रैक्टर- ट्राली और वाहन

## हादसों का बना रहता है अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रदेश के गुना में हुए बस हादसे के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ था। प्रशासन एवं पुलिस ने बीते दिनों जहां बसों की जांच की थी, वहीं दूसरे दिन कुछ वाहनों की जांच थाने के सामने यातायात पुलिस द्वारा की गई। लेकिन उन वाहनों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जो बिना नंबर के व बिना यातायात नियम का पालन करते हुए धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिन बसों में शासन की गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है वह बसे भी चल रही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बसों की जांच किए बिना ही उसे फिटनेस का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। यातायात विभाग की लापरवाही के कारण ही आए दिन हादसे हो रहे हैं। आष्टा से नित्य ही सैकड़ो बसों का संचालन किया जाता है। बड़े शहरों में जाने वाली बसों की स्थिति तो ठीक है, लेकिन ग्रामीण अंचल में संचालित होने वाली बसों की हालत खराब है।

इसमें कई बसों की बॉडी कई स्थानों से टूटी हुई है तो कुछ बसों में सीट टूटी हुई है ।इसके कारण सीट व दरवाजा को पकड़ना पड़ता है या बांधना पड़ता है ।बसों में शासन ने इमरजेंसी गेट बनाने के निर्देश दिए ,जिस पर बस संचालकों ने दिखावे के लिए इमरजेंसी गेट बनाए थे ।बड़ा हादसा होने पर कई बसों में इमरजेंसी गेट नहीं खुल पाए हैं। बस संचालक ने इन गेटों को स्थाई रूप से बंद करके रखा है। कई बस संचालकों ने उन्हें रस्सी से बांध दिया है। अग्निशामक यंत्र के साथ ही मेडिकल किट अनिवार्य है, लेकिन बसों में नजर नहीं आती है। बसों में अग्निशामक यंत्र के साथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेडिकल किट की सुविधा परिवहन विभाग ने अनिवार्य की है, इसके बावजूद बसों से अग्निशामक यंत्र व मेडिकल किट गायब है।

हादसे के बाद प्रशासन ने नगर के भोपाल नाका एवं बस स्टैंड पर बसों की जांच शुरू की थी ।पुलिस विभाग भी इस जांच में शामिल था। लेकिन सिर्फ कागजों को ही देखा गया , बसों के अंदर की स्थिति को नहीं देखा गया ना तो अग्नि शमन यंत्र लगे थे और ना ही अन्य सुविधाएं थी। दूसरी तरफ ट्रैक्टर-ट्रॉली भी धड़ल्ले से बिना नंबर के और रेडियम लगे बिना ही दौड़ रहे हैं ।बसों में किराया सूची भी नहीं है। फायर सेफ्टी किट भी नहीं ,फिर भी चल रही है। वैसे क्षेत्र में एवं इंदौर भोपाल हाईवे मार्ग पर चल रही इन यात्री बसों में सुरक्षा के साथ अन्य संसाधनों का अभाव है ।शासन के निर्देश अनुसार बसों में किराया सूची का प्रकाशन करना अनिवार्य है,इसके बाद भी कई बसों में किराया सूची नहीं लगाई है। इससे कई बार यात्री व कंडक्टर के बीच विवाद की स्थिति भी बनती है। इसके अलावा फास्ट ट्रैक बॉक्स और फायर सेफ्टी किट भी नहीं है । इसके बाद भी बसों का संचालन किया जा रहा है।

# एक्यूप्रेशर, वाइब्रेशन और कंपिंग थैरेपी शिविर किया आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पोरवाल भवन पर जैन सोशल ग्रुप द्वारा एक्यूप्रेशर थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ नपा प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर मीना सिंगी व विशेष अतिथि जैन समाज के संरक्षक धनरूपमल जैन, कैलाश चंद्र जैन, समाज के अध्यक्ष आनंद पोरवाल, महामंत्री कैलाशचंद जैन चित्रलोक ने किया। एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट पीआर जाखड़, विशाल कुमार कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधन करते हुए बताया कि थेरेपी द्वारा बिना औषधि के सरलतम उपाय द्वारा कहीं गंभीर बीमारियों का इलाज संभव है। कार्यक्रम में व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, सुशील संचेती, धनंजय जाट, नरेंद्र कुशवाह पूर्व पार्षद, आलोक आर्य आदि वरिष्ठ जन सम्मिलित थे। ग्रुप के पवन सुनीता जैन अरुण संगीता जैन, कमल सुनीता जैन, रमेश संध्या जैन, प्रशांत रचना जैन, मुकेश मोना जैन, महेंद्र भावना जैन, प्रदीप सोना जैन, नरेंद्र ज्योति पोरवाल, गुलाबचंद आशा जैन, जयदीप जैन, संजय पोरवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेंद्र पोरवाल ने किया।

# अयोध्या न जा सको तो घर को ही अयोध्या की तरह सजा देनाः गोविंद जाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





भोपाल नाका मुगली रोड पर चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। श्री गोविंद जाने की के अमृत वचन सुनने के लिए भारी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी श्री संत ने कहा कि अच्छी संगत बैठा करो सद्गुणों वाली संगत से हमारी बुद्धि सत्संग करने की प्रेरणा देती है। मनुष्य का चरित्र जल की तरह होता है। एक लोटे जल में अगर तुलसी का पत्थर डाले जाएंगे तो वह चरण अमृत बन जाता है। इसी प्रकार हमारे शरीर रूपी लोटे में आप सत्कर्म और अच्छे कार्यों को ग्रहण करेंगे तो वह भी अमृत में हो जाता है। भगवान को प्राप्त करना हो तो धनवान बलवान और सुंदरता को कभी भी दिमाग में मत रखना रघुनाथ को पाने के लिए एक मत और एक चिट होकर अंतरात्मा से याद कर लेना, बुद्ध माता-पिता गरीब पीपल का पेड़ और जलती हुई अग्नि के पास कभी भी घमंड वाली बात मत करना अगर करोगे तो समझो आपके बुरे दिनों की शुरुआत हो चुकी है, जो धन सुख शांति समृद्धि हमें मिलती है वह हमारे प्रारबद्ध के कारण प्राप्त होती हे, धन्य है वह भारत की भूमि अयोध्या और वृंदावन किसको भगवान ने स्वयं धरती पर आने के लिए चुना हम प्रणाम करते हैं। इस दौरान अयोध्या में कार सेवा करने गए ग्रामीण बुजुग का संत गोविंद जाने ने मंच से किया सम्मानसम्मान किया। कथा सहयोजक डॉ मनोज नागर, बंटी मेवाडा,राजा मेवाडा, विजय खंडेलवाल, जुगल पटेल मीडिया प्रभारी, चेतन वर्मा, चेतन सिंह ठाकुर, सोनू गुणवान,नानूराम मेवाडा, जितेन्द्र सिलोठिया, भगवती सोनी, संध्या बजाज, टीना पांचाल,वरिष्ठ अनोखीलाल खंडेलवाल, जीवन सिंह मंडलोई, कैलाश बगाना, कमल पांचाल, सोभाल सिंह मुलली,राजेंद्र सिंह ठाकुर मरावर, नरेंद्र सिंह भाटी आदि उपस्थित रहे।

### नव वर्ष के साथ घर-घर पहुंच रहे हैं अक्षत

**आष्टा।** रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा पर 22 जनवरी को नगर सहित पूरे देश में महा दीपावली जैसा उत्सव का माहौल रहेगा ।उक्त कार्यक्रम के पहले की तैयारी नगर सहित क्षेत्र में प्रारंभ हो चुकी है। सोमवार 1 जनवरी को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के गोपालदास राठी आदि के साथ दुर्गा वाहिनी की मातृ शक्तियों माया तोमर, चंद्रकला परमार, रामसभा परमार ,रेखा वर्मा आदि ने डाबरी कॉलोनी की महिलाओं को घर -घर जाकर पूजित अक्षत सौंपते हुए श्री राम का फोटो भी दिया तथा कहा कि 22 जनवरी को घर के बाहर पांच - पांच दीपक अवश्य जलाएं। संभव हो तो इस दिन उपवास रखें और घर -मोहल्ले में पूजा के बाद प्रसादी वितरित करें। इस दिन आतिशबाजी भी चलेगी। अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण का कार्यक्रम 1 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रमुख गोपाल दास राठी ने कहा कि पीले चावलों में बहुत शक्ति होती है ।जिन हजारों - लाखों घरों में पीले चावल पहुंचेंगे उनके परिवार में सुख समृद्धि आएगी । सभी जगह अक्षत पैक करने का कार्य शुरू हो चुका है।

# प्रतिक भावसार बने प्रदेश संगठन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



अपने कुशल नेत्रत्व क्षमता और साहित्यिक शैली के लिए विख्यात प्रतीक सुभाष भावसार् को अब भावसार समाज के मुख्य संगठन, अखिल भारतीय भावसार क्षत्रिय महासभा के खेल, कला और संक्रति विभाग प्रदेश इकाई के नए संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। उज्जैन मे आयोजित हुए समाज के शपथ विधि कार्यक्रम मे इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष देवताले ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई।

गौरतलब है की प्रतीक सुभाष ने अपनी एक अलग पहचान समाज मे बनाई है और उनकी कला और संगठनात्मक अनुभवो को देखते हुए संगठन के प्रांत अध्यक्ष विपिन भवसार और विभाग के अध्यक्ष अनिल भवसार ने उन्हे अब संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौपी है। प्रतीक अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष भी है साथ ही विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत मे उनके पास जिला परियोजना प्रमुख धर्म प्रसार ऐसा दायित्व है। प्रतीक के सामाजिक अनुभवों का लाभ संगठन को मिल सकता है। प्रतीक की इस उपलब्धि पर भावसार समाज सहित अन्य सामाजिक संस्थानों के कार्यकर्ताओ ने उन्हे बधाई दी। प्रतिक ने बताया की वहा समाज हित में निरंतर कार्य करते हरेंगे।

# गाओ मंगलगान, अवध में राम आए हैं... गुरु भक्ति कर प्रभुप्रेमी संघ के सदस्यों ने नव वर्ष का किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आये जी आये सियाराम, घर घर दीपक जला लो, राम से बड़ा राम का नाम, अंत मे यही आयेगा तेरे काम, रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया, रघुकुल नंदन कब आओगे दासी की झुपड़यि, आये श्रीराम आज खुशिया मनालो, लंकागढ जीता आज दीवाली मनालो जैसे श्रीराम भक्ति से ओतप्रोत भजनो की प्रस्तुतियां अलीपुर स्थित प्रभुप्रेमी संघ के मासिक सत्संग में देर रात्रि तक गुंजती रही। श्रीराम श्रीवादी, शिव श्रीवादी, संदीप प्रजापति और देवेन्द्र ठाकुर की संगीत मंडली द्वारा नगर के भजन गायको के साथ मिलजुलकर नव वर्ष के उपलक्ष में आयोजित इस गुरू भक्ति के कार्यक्रम में एक से बड़के एक जुगलबंदिया प्रस्तुत की।

भजन गायक ओमप्रकाश शर्मा, जीवनराज, आयुष ठाकुर, रीना ठाकुर, सुनेना मेवाड़ा ने बरस रही गुरू रस भक्ति लुटने वाले लूट रहे, बहुत किये उपकार गुरूजी, अब सौंप दिया इस जीवन का सब भार तुम्हारे हाथो में जैसे सुंदर भजनो की प्रस्तुति प्रभुप्रेमीजनो के समक्ष प्रस्तुत की। भक्तिरस से सराबोर मासिक सत्संग मे झुमते गाते धर्मालुजन ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। प्रभुप्रेमी संघ के संस्थापक तथा देश की आध्यात्मिक चेतना के प्रेरक स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज के चित्र तथा पादुका के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सत्संग का आरंभ किया गया और संगीत मंडली द्वारा गुरू चरण वंदना से लेकर प्रभु भक्ति के शानदार भजनो की प्रस्तुति दी। सोमवार को नव वर्ष की बेला में अलीपुर स्थित गुरूभक्त कोकसिंह पटवारी, जितेन्द्रसिंह ठाकुर परिवार द्वारा आयोजित इस दिव्य सत्संग में श्रद्धालुओ ने जप तप, ध्यान के साथ ही महामृत्युंजय, ओंकार नाद, मौन गुरुमन्त्र जाप, तथा गायत्री मंत्र का मंत्रोच्चारण किया एवं सामुहिक रूप से उपस्थित गुरूभक्तो ने हनुमान चालीसा का सभी प्राणियो के लिए नव वर्ष मंगलकारी हो इसी कामना के साथ कल्याणकारी पाठ भी किया।

आयोजित हुए कार्यक्रम के अंत में महाआरती के साथ आयोजक परिवार द्वारा महाप्रसादी वितरित की गई, सभी उपस्थित श्रद्धालुओ का कोकसिंह पटवारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया, कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, महिलाए, प्रभुप्रेमी संघ के पदाधिकारीगण, गुरूभक्त, प्रभुप्रेमीजन एवं अनैक श्रद्धालुजन की महती उपस्थिति रही।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन दिवसीय शीत शिविर का समापन

# व्यक्तित्व निर्माण से होगा समाज परिवर्तनः सुनील जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



श्यामपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन दिवसीय शीत शिविर रेड रोज एकेडमी श्यामपुर में संपन्न हुआ ।जिसमें श्यामपुर के लगभग 50 ग्रामों से 170 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । प्रातः 5 बजे जागरण से लेकर रात्रि 10:00 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर शिविर के समापन अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा प्रकट उत्सव आयोजित किया गया ।प्रकट उत्सव में सभी स्वयंसेवकों ने समता ,दंड के प्रयोग ,पद विन्यास ,खेल, योग ,दंड योग, व्यायाम योग ,आसन आदि का प्रदर्शन किया । प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के प्रांतीय अधिकारी सुनील जैन ने कहा की संघ विश्व का एकमात्र ऐसा संगठन है जो 100 वर्ष होने के बावजूद काम कर रहा है,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 98 वर्षों से हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने का कार्य कर रहा है आज सम्पूर्ण विश्व में भारत की छवि विश्वगुरु की बन रही है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण कोरोना काल हो या रूस यूक्रेन युद्ध या फिर विश्व योग दिवस में हम सबको देखने को मिला है,और यह कार्य शाखा के माध्यम से ही संपन्न हो रहा है। आगामी शताब्दी वर्ष में समाज में परिवर्तन हेतु पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, ग्राम विकास समरसता आदि पर स्वयंसेवकों को काम करना है। कार्यकृम में श्यामपुर खंड के संघचालक अर्जुन धनगर, सीहोर जिले के स जिला कार्यवाह गोविन्द सिंह ठाकुर, जिला व्यवस्था प्रमुख राजेन्द्र मेवाड़ा, खण्ड कार्यवाह, नगर कार्यवाह, शारीरिक, बौद्धिक, व्यवस्था, सेवा, संपर्क, प्रचारप्रमुख, सहित संघ के समस्त कार्यकर्त्ता एवं श्यामपुर नगर एवं खंड के समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

शव रखकर किया चक्काजाम, एडिशनल एसपी ने संभाला मोर्चा, कार्रवाई के आश्वासन पर मामला हुआ शांत

# पुलिस गिरफ्त में युवक की मौत ! परिजनों ने पुलिस पर जहर देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

खिलचीपुर में विगत दिन पुलिस की गिरफ्त में नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाले युवक करण मोगिया की पुलिस थाने में अचानक पूछताछ के दौरान उल्टी आकर जान घबराने लगी, पुलिस ने उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल भिजवाया। खिलचीपुर से युवक को राजगढ़ रेफर किया गया, तत्पश्चात राजगढ़ से भोपाल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। भोपाल से युवक का शव आने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं करते हुए सड़क पर शव रखकर पुलिस पर जहर देने का आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी आलोक कुमार शर्मा, एसडीएम राजगढ़ गुलाब सिंह बघेल तथा तहसीलदार सोनू गुप्ता मौके पर खिलचीपुर, जीरापुर ,भोजपुर पुलिस बल सहित पहुंचे। परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर सड़क का चक्का जाम हटवाया। वहीं परिजनों को अंतिम संस्कार करने को कहा, परिजन मान गए और शव का अंतिम संस्कार किया।

## क्या है मामला




पुलिस के बताए अनुसार युवक करण मोगिया उम्र 20 वर्ष को पुलिस ने 28 दिसंबर को नाबालिग लड़की को भगा ले जाने, झांसा देने के आरोप में पकड़ा था। लड़की के पिता ने पुलिस थाना खिलचीपुर में अपनी नाबालिग लड़की को झांसा देकर भगा ले जाने का प्रकरण दर्ज कराया था। प्रकरण अनुसार युवक पर लड़की के बयान के आधार पर अपहरण और पास्को की धारा दर्ज की थी। मृतक के मामा पप्पू मोगिया ने बताया 28 दिसंबर शाम को मृतक करण का हमारे पास फोन आया था कि पुलिस ने उसे पकड़ लिया है, तब वह बिल्कुल ठीक था करीबन रात 1 बजे उसकी तबीयत बिगड़ गई पुलिस हमें यह बताये कि करण की अचानक तबीयत कैसे खराब हो गई। हमसे यही कहा जा रहा था कि उसका इलाज चल रहा है फिर अचानक करण को भोपाल रेफर कर दिया। मैं एसपी साहब के पास शिकायत लेकर गया तो उन्होंने मेरी कोई सुनवाई नहीं की। हमें भोपाल के अस्पताल से पता चला करण ने जहर खाया है। पुलिस सिर्फ तबीयत खराब होने की बात करती रही।

### इनका कहना है...

मृतक युवक के परिजनों ने चक्का जाम कर दोषियों पर कार्यवाही और आर्थिक सहायता की मांग रखी है। अंत्येष्टि आर्थिक सहायता तत्काल दी जाएगी और मुख्यमंत्री को प्रकरण भेजकर सहायता दिलवाएंगे। वहीं चार लोगों के नाम मृतक के बयान में आए हैं, कार्रवाई की जाएगी।

**गुलाब सिंह बघेल, एसडीएम राजगढ़**

शायद मृतक ने पुलिस के पकड़े जाने के पहले ही जहर खा लिया होगा। मृतक के परिजनों को मैं जानता ही नहीं हूं। मुझसे कोई मिलने नहीं आया। मृतक की जान बचाने पुलिस ने हर संभव इलाज करवाया।

**धर्मराज मीणा, एसपी राजगढ़**

बांकपुरा और मान्यापुरा गांव के लोगों में हुआ झगड़ा

# विवाद में चले लट्ठ-फर्से, दोनों पक्षों के 19 पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कालीपीठ थानाक्षेत्र के बांकपुरा और मान्यापुरा गांव के दो परिवारों में पुराना विवाद चल रहा है। इस विवाद में उनके बीच कई बार झगड़ों की नौबत आ चुकी है। गत दिवस उसी विवाद के चलते एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। बाद में दूसरे पक्ष की तरफ से भी मारपीट की गई। दोनों तरफ से चले लट्ठ, हथियारों में 10 लोग घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से क्रॉस मुकदमा दर्ज करते हुए मामला विवेचना में लिया है। हमले में घायल हुए लोगों में माया पत्नी मुकेश निवासी बांकपुरा, सुगनबाई पत्नी राजा बांकपुरा, ग्यारसीराम पिता गोपीलाल निवासी मान्यापुरा, मोड़सिंह पिता घीसालाल निवासी बांकपुरा, पर्वत पिता रमेश निवासी बांकपुरा, जगन्नाथ पिता धूलजी, नन्नू पिता कंवरलाल एवं रमेश पिता अमरलाल सहित अन्य शामिल हैं।

**बलवे और मारपीट की धाराओं में क्रॉस प्रकरण दर्ज**

मामले में पुलिस ने ग्यारसीराम की रिपोर्ट पर गजन पिता मोरसिंह, बनेसिंह पिता कंवरलाल, लखन पिता बनेसिंह, पर्वत पिता रमेश, अनारसिंह पिता रमेश, नन्नू पिता कंवरलाल, मुकेश पिता कंवरलाल, कंचीबाई पत्नी बनेसिंह, सुगनबाइर पिता बनेसिंह तंवर, मोरसिंह तंवर सर्व निवासी बांकपुरा पर मामला दर्ज किया है। इसी तरह दूसरे पक्ष के बनेसिंह पिता कंवरलाल की रिपोर्ट पर फूलसिंह पिता अमरसिंह, चंद्रसिंह, बादाम सिंह, प्रकाश पिता ग्यारसीराम, सूरज, प्रभुलाल पिता छोटेलाल, पप्पू पिता लच्छूराम, ग्यारसीराम पिता गोपीलाल, देवराज पिता हजारीलाल सर्व निवासी मान्यापुरा एवं मिश्रालाल तंवर निवासी नयागांव पर बलवे एवं मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

ऋजु बाफना बनीं नई कलेक्टर, किशोर कन्याल को हटाया

# ड्राइवर से गलत भाषा में बात करने पर कलेक्टर पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाजापुर

कलेक्टर किशोर कन्याल को राज्य सरकार ने हटा दिया है। उनकी जगह नरसिंहपुर कलेक्टर ऋजु बाफना को शाजापुर भेजा है। बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान मंगलवार को एक बैठक में कन्याल और ड्राइवर्स के बीच गहमा-गहमी हो गई थी। उन्होंने ड्राइवर से कहा था कि समझ क्या रखा है? क्या करोगे तुम, तुम्हारी औकात क्या है किशोर कन्याल ने बाद में सफाई भी दी। किशोर कन्याल ने अपनी सफाई में कहा था, मेरा उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचना नहीं था। जिले में किसी को भी कानून व्यवस्था तोड़ने नहीं दिया जाएगा। आमजन की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है और किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं होने देंगे।

कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे। बाद में कन्याल ने माफी भी मांग ली थी। नौ महीने ही कलेक्टर रहे कन्याल किशोर कन्याल राज्य प्रशासनिक सेवा से नौकरी में आए हैं। उनको 2013 में आईएएस अवार्ड हुआ है। कन्याल को 3 अप्रैल 2023 को शाजापुर कलेक्टर बनाया गया था। महज नौ महीने बार सरकार ने उनको पद से हटा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार सुबह किशोर कन्याल को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मनुष्यता के नाते ऐसी भाषा हमारी सरकार में बर्दाश्त नहीं है। मैं खुद मजदूर परिवार का बेटा हूं। अधिकारी भाषा और व्यवहार का ध्यान रखें। जो अधिकारी ऐसी भाषा बोलते हैं, उन्हें मैदान में रहने का अधिकार नहीं है। किशोर कन्याल ड्राइवर्स एसोसिएशन के सदस्यों से कह रहे थे कि कोई कानून को अपने हाथ में नहीं लेगा। इसी दौरान एक ड्राइवर ने कलेक्टर को कहा- अच्छे से बोलो। यह सुनकर कन्याल भड़क गए और कहा- गलत क्या है। समझ क्या रखा है? क्या करोगे तुम, तुम्हारी औकात क्या है? इसके बाद ड्राइवर ने कहा- यही तो हमारी लड़ाई है, हमारी कोई औकात नहीं है। इसके बाद कलेक्टर ने कहा- लड़ाई ऐसे नहीं होती है। कृपया कोई भी कानून अपने हाथ में न ले। आपकी सारी बातों को सुनने के लिए ही यहां बुलाया गया है। कलेक्टर के नाराजगी जताने पर ड्राइवर ने माफी मांग ली थी।



ऋजु बाफना, नई कलेक्टर



किशोर कन्याल को हटाया

## राज्यमंत्री टेटवाल ने किया पदभार ग्रहण



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार के सभी कैबिनेट राज्य मंत्री एवं स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्रियों को विभागों का बंटवारा होते ही शासन की और से मंत्रालय में कार्यालय का आवंटन भी कर दिया हो विभाग एवं कार्यालय आवंटित होने के बाद सभी मंत्रियों के द्वारा अपने अपने विभागों के कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इसी क्रम में सारंगपुर विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार स्वतंत्र प्रभार में मंगलवार को मंत्रालय के कक्ष में विधिविधान से पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मनीष श्रीवास्तव एससीएस एवं शीतला पाटले डायरेक्टर कौशल विकास सहित ओएसडी एसएस सोलंकी,सुधीर श्रीमाला, आशुतोष वैध, प्रदीप पंवार, पृथ्वी टेटवाल, योगेश महेश्वरी, अंतरिक्ष पारीक उपस्थिति थे।

साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# ‘लंबित पत्रों का समय-सीमा में करें निराकरण’

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



नवागत कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, समस्त अनुविभागीय अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा सर्वप्रथम जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात समय सीमा से संबंधित लंबित पत्रों की समीक्षा आगामी बैठकों में की जायेगी, इस संबंध में निर्देशित किया गया कि आकांक्षा पोर्टल पर निराकरण की स्थिति को अपडेट किया जावे, उसी अनुसार समीक्षा की जावेगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री की आगामी बैठक से सम्बंधित योजनाओं के एजेंडा पर बिंदुवार समीक्षा की गई।

**ट्रक एवं बस चालकों की हड़ताल के कारण किसी भी स्थिति में आमजन एवं छात्रों को असुविधा न हो :** बैठक के दौरान बस एवं ट्रक चालकों की हड़ताल से सम्बंधित समस्या और उसके निराकरण के निर्देश दिए गए और सभी अनुविभागीय अधिकारियों को इस मामले की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि ट्रक एवं बस चालकों की हड़ताल के कारण आम नागरिक एवं छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पेट्रोल पंप पर पर्याप्त मात्रा में डीजल एवं पेट्रोल का स्टॉक रखा जावे। पेट्रोल-डीजल को लेकर कोई अवरोध पैदा करेगा तो उसे खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। खाद्य अधिकारी सभी डीलर्स एसोसिएशन के साथ बैठक करना सुनिश्चित करें। सभी स्कूल बस नियमित रूप से संचालित रहें और बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें।बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण साक्षरता का प्रतिशत, शिशु मृत्यु दर, कुपोषण की जानकारी प्राप्त की गयी तथा जिले में ग्राम पंचायतों में आयोजित किये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के बारे में सभी डे-नोडल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और पोर्टल पर प्रतिदिन सभी योजनाओं की प्रगति अपडेट करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान निर्माण विभाग से जुडे. हुए निर्माण कार्य की प्रगति निर्धारित प्रपत्र पर प्रतिशत के रूप में दर्शायी जावे। जल जीवन मिशन के तहत जिले में प्रगतिरत कार्य की समीक्षा की गयी और कार्य में गति लाने के निर्देश दिये गये। सीएम राइज की समीक्षा के दौरान चांचौड़ा में लंबित भूमि आवंटन मामले के निराकरण के निर्देश दिये गये।

आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने की तोड़फोड़

# सामाजिक जुर्माने की राशि न देने पर फिर हमला, 27 लोगों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विधानसभा चुनाव के समय पुलिस द्वारा कड़ियासांसी गांव में दबिश देकर लाखों रुपए की अवैध शराब बरामद की गई थी। इस मामले में जिन लोगों के यहां से शराब पकड़ाई थी उन्होंने गांव के प्रकाश भानेपरिया पर पुलिस से मुखबिर का आरोप लगाते हुए जितनी भी शराब पुलिस द्वारा जब्त की गई उसके एवज में 45 लाख रुपए देने का सामाजिक जुर्माना लगाया था।

प्रार्थी प्रकाश भानेरिया ने विगत दिवस एसपी ऑफिस आकर भी गुहार लगाई थी। मंगलवार को फिर से एकराय होकर कड़ियासांसी गांव पहुंचे आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने प्रकाश भानेरिया और परिवार के लोगों पर लट्ठ, हथियारों से हमला कर दिया। मकान तोड़ दिए गए। वहीं घरों का पूरा सामान तोड़-फोड़ दिया गया। फरियादी प्रकाश सहित परिवार के लोगों ने नकदी सहित कईं सारा सामान लूटने का आरोप भी लगाया है। मारपीट में एक युवक बुरी तरह घायल भी हुआ है। बाद में पुलिस ने इस मामले में 27 लोगों पर बलवे सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# जिला भारतीय मजदूर संघ के चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

भारतीय मजदूर संघ जिला राजगढ़ का कार्यकर्ता सम्मेलन ब्यावरा में आयोजित किया गया।जिसमें भारतीय मजदूर संघ के सभी संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। राज्य कर्मचारी संघ,बिजली कर्मचारी महासंघ, ऑगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ, आशा कार्यकर्ता महासंघ, हिम्माल एवं तुलावटी महासंघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, पर्यावरण मंच के अतिरिक्त संबंधित संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्यावरा भारतीय मजदूर संघ के इस सम्मेलन की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मालवीय द्वारा की गई। जिसमें चुनाव अधिकारी भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक पवन मेहता रहे जिसमें भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह गुर्जर एवं विभाग प्रमुख धर्मस्वरूप भार्गव की उपस्थिति में आगामी 03 वर्षो के लिऐ राजगढ जिले की नई जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वानुमति से किया गया। निम्न पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष सुर्यकिरण शर्मा, पवन नामदेव,नितिन नामदेव निर्वाचित हुए। जिला मंत्री के पद पर संजय शेखर शर्मा एडव्होकेट निर्वाचित हुए एवं जिला कोषाध्यक्ष विश्वास नायगॉवकर एवं सहमंत्री के रूप में लक्ष्मी वर्मा, रमेशचंद्र नागरदेवीसिंह सोंध्या निर्वाचित हुए।




## घर-घर पीले चावल भेंट कर अयोध्या चलने का दिया न्यौता

**राजगढ़।** आगामी 22 जनवरी को श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्यतम आयोजन होने जा रहा है। इसी आयोजन में सम्मिलित होने विष्व हिन्दू परिषद एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को पूजित अक्षत एवं आमंत्रण-पत्र से न्यौता दिया जा रहा है। परिषद के लोग 1 से 15 जनवरी तक अभियान चलाकर प्रत्येक घरों में पहुंचकर लोगों से राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होने आमंत्रण दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने सोमवार एवं मंगलवार को नगर के कईं वार्डो, मोहल्लों एवं कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों को पीले चावल भेंट कर कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आगृह किया। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह अक्षत अभियान के जिला प्रभारी तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अब वह दिन आ रहा है जब श्रीरामलला अपने नवनिर्मित भव्य मंदिर में विराजित होंगे। उन्होंने बताया कि जिले भर में इस अभियान के तहत 140 से ज्यादा कार्यकर्ता 1 हजार से अधिक परिवारों में संपर्क में आमंत्रण पत्रों का वितरण कर रहे हैं।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका स्नेह लता को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सेवानिवृत्ति कार्यक्रम एकीकृत कन्या एस ब्यावरा में पदस्थ शिक्षिका स्नेह लता आचार्य के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शाला स्टाफ द्वारा विदाई कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप शर्मा व संकुल प्राचार्य सुमनलता शुक्ला संकुल प्राचार्य बी.एल. शाक्यवार थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात स्नेहलता आचार्य का सम्मान शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। सभी अतिथियों द्वारा आचार्य मैडम के कार्य एवं व्यवहार की भूरी-भूरी प्रशंसा की जिस शाला से उन्होंने अपना अध्ययन प्रारंभ किया था उसी से आज विदाई ले रही है। आचार्य मैडम द्वारा बच्चों को पानी की बोतल बस स्टाफ को रिटर्न गिफ्ट दी गई। कार्यक्रम में कर्मचारी संगठन से रामचरण वर्मा, एल.सी.नागर, अशोक भार्गव, महेंद्र व्यास, चित्ररेखा व्यास पूर्व शाला प्रमुख डीसी वर्मा, हरीश सक्सेना, राजेंद्र वर्मा, शौकत अली खान, रामचंद्र दांगी शाला की समस्त शिक्षिका स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे। आभार व्यक्ति दांगी सर द्वारा व्यक्त किया गया। सभी स्टाफ सदस्य मैडम को घर तक छोड़ने डोल धमाके के साथ गए।

क्षेत्र में पूरे दिन छाई रही धंधु, बादलों की ओट में छिपे रहे सूर्य देव

# कोहरे की चादर से लिपटी वसुंधरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

क्षेत्र में भीषण ठंड का दौर लगातार जारी है। उत्तरी क्षेत्र से आ रही शीतलहर एवं पष्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मंगलवार को पूरे दिन शहर सहित जिला कोहरे की आगोश में समाता नजर आया। सूर्य देवता भी बादलों की ओट में छिपे रहे। दिन में चली सर्द हवाओं के कारण कई जगहों पर लोग अलाव के सहारे अपने को गर्म रखने का प्रयास करते नजर आए।

मौसम के जानकारों के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और ज्यादा गिरावट दर्ज की सकती है। वहीं मावठे की बारिष के आसार भी बने हुए हैं। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि इस मौसम में बच्चों का ज्यादा ध्यान रखने की आवश्यकता है। बच्चों के मुंह, नाक और कान हमेशा ढककर रखने की सलाह दी जा रही है। भीषण ठंड को देखते हुए पिछले कुछ दिनों से नपा ने भी सार्वजनिक स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ियां डलवाने की व्यवस्था करवा दी है।

**बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान**

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान | दिनांक | तापमान |
|---|---|---|---|
| 27 दिसंबर | 9.4 | 31 दिसंबर | 11.2 |
| 28 दिसंबर | 8.0 | 01 जनवरी | 12.0 |
| 29 दिसंबर | 8.6 | 02 जनवरी | 12.4 |
| 30 दिसंबर | 10.2 | | |

## ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन तीसरे वर्ष बीनागंज से उज्जैन पदयात्रा

**चाचौड़ा।** केंदीय मंत्री चाहने वालो की कमी नही है प्रकाश चन्द्र सेठी सिंधिया जी के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष तीन साल से लगातार पदयात्रा कर रहे है।स्वास्थ्य कामना एवम मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री बनने तक अनवरत पदयात्रा जारी रहेगी। सेठी के पिता स्वर्गीय कैलाश मीना कैलाश बासी महा राज माधवराव सिंधिया के करीबी थे।